***प्रेस नोट/सराहनीय कार्य-***
***(पत्रांक-85/2026 दिनांक 26.03.2026)***
***दिनांक-26.03.2026 को जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य-***

*एक अदद महिद्रा बोलेरो पिकप वाहन से तस्करी कर A.T.M कैबिनेट (लकडी के बने लैमिनेटेड बाक्स) में छिपाकर ले जायी जा रही गैर प्रान्त चण्डीगड़ / हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब कुल 101 पेटी (वाहन सहित कुल कीमत लगभग 17 लाख रूपये) बरामद-*

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री केशव कुमार के निर्देशन में जनपद कुशीनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री सिद्धार्थ वर्मा के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी खड्डा श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में अवैध शराब बिक्री/निष्कर्षण/परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना खड्डा पुलिस की टीम द्वारा सालिकपुर बैरियर पुलिस चौकी पर चेकिंग के दौरान दिनांक 25.03.2026 को एक अदद महिन्द्रा बोलरो पिकप वाहन में छिपाकर ले जायी जा रही गैर प्रान्त चण्डीगड़ / हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब कुल 101 पेटी(782 लीटर) बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना खड्डा पर मु0अ0सं0 62/26 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

*घटना का संक्षिप्त विवरण-*
दिनांक 25.03.2026 को सालिकपुर बैरियर पुलिस चौकी पर चेकिंग के दौरान एक महिन्द्रा बोलेरो पिकअप वाहन को रोका गया। चेकिंग के दौरान वाहन में एचडीएफसी बैंक का रेफरेंस लेटर प्राप्त हुआ, जिसमें अंकित था कि वाहन में चार एटीएम कैबिनेट (लकड़ी के लेमिनेटेड बड़े बॉक्स) दरभंगा इंटरनेशनल, बिहार ले जाये जा रहे हैं।पुलिस कर्मियों द्वारा संदिग्ध लगने पर उक्त लकड़ी के बॉक्स खुलवाए गए। बॉक्स के अंदर चण्डीगढ़/हरियाणा राज्य में निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब भरी हुई पाई गई। बरामद शराब की गिनती करने पर कुल 101 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब (विभिन्न ब्रांड) बरामद हुई। पुलिस को देखते ही वाहन में सवार अभियुक्त मौके से फरार हो गए। वाहन नंबर के आधार पर अभियुक्तों की पहचान कर ली गई है तथा उनकी शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

Edit with WPS Office

*पंजीकृत अभियोग-*
मु0अ0सं0 62/26 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम

*बरामदगी का विवरण-* *(वाहन सहित कुल कीमत लगभग 17 लाख रूपये)*
1- एक अदद महिन्द्रा बोलरो पिकप वाहन सं0- UP 11 CT 4910 (कीमत लगभग 10 लाख 50 हजार)
2- गैर प्रान्त चण्डीगड़ / हरियाणा निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब कुल 101 पेटी भिन्न-भिन्न ब्राण्ड कुल 782 लीटर (कीमत लगभग 06 लाख 50 हजार रुपये)

*बरामदगी करने वाली टीम:-*
1-थानाध्यक्ष संदीप सिंह थाना खड्डा जनपद कुशीनगर
2-उ0नि0 दिनेश राजभर थाना खड्डा जनपद कुशीनगर
3-का0 अमरजीत यादव थाना खड्डा जनपद कुशीनगर
4-का0 अरविन्द गौड थाना खड्डा जनपद कुशीनगर

*थाना बरवापट्टी पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को किया गया गिरफ्तार।*

जनपद कुशीनगर में वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 26.03.2026 को थाना बरवापट्टी पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

*मु0नं0 व धारा-*
मु0सं0 411/2025 धारा 323,504,498ए भादवि व 3/4 डीपी एक्ट

*गिरफ्तार वारण्टी–*
अनिरुध्द पुत्र चंचल साकिन धोकरहा टोला शुकुल पट्टी थाना बरवापट्टी जनपद कुशीनगर

*गिरफ्तार वारण्टी टीम का विवरण–*
1. थानाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार थाना बरवापट्टी जनपद कुशीनगर
2. उ0नि0 इकराम खान थाना बरवापट्टी जनपद कुशीनगर
3. का0 सुधीर कुमार कुमार थाना बरवापट्टी जनपद कुशीनगर

*थाना कप्तानगंज पुलिस द्वारा अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मामले

Edit with WPS Office

में वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-*

जनपद कुशीनगर में वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 25.03.2026 को थाना कप्तानगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 17/2026 धारा 137(2)/65(2)/87 बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट से संबधित वांछित अभियुक्त बिन्द्रेश गौड़ पुत्र धुपराज गौड़ साकिन बूढ़ाडीह थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही किया जा रहा है ।

*पंजीकृत अभियोग-*
मु0अ0सं0 17/2026 धारा 137(2)/65(2)/87 बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर

*गिरफ्तार अभियुक्त-*
बिन्द्रेश गौड़ पुत्र धुपराज गौड़ साकिन बूढ़ाडीह थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर

*गिरफ्तार करने वाली टीम:-*
01. थानाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर
02. उ0नि0 श्री पंकज कुमार सिंह चौकी प्रभारी मंसुरगंज थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर
03. हे0का0 अजय यादव थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर
04. का0 राकेश यादव थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर

*थाना को0 पडरौना पुलिस द्वारा पाक्सो एक्ट के मामले में 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-*

जनपद कुशीनगर में वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 26.03.2026 को थाना को0 पडरौना पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

*पंजीकृत अभियोग-*
मु0अ0सं0 161/2026 धारा 75 बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर

*गिरफ्तार अभियुक्त-*

Edit with WPS Office

**रेहान अंसारी पुत्र युसुफ अंसारी निवासी बडहरागंज थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर**

***गिरफ्तार करने वाली टीम-***
**1. प्रभारी निरीक्षक श्री ओमप्रकाश तिवारी थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर**
**2. उ0नि0 श्री सचिन दिवाकर थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर**
**3. का0 रमेश पाल थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर**

***शान्ति भंग में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही-***
जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा 46 नफर अभियुक्तों को शान्ति भंग में गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

***कार्यवाही एक नजर में=***
1- मोटर वाहन अधिनियम में की गयी कार्यवाही-सीज-00, ई-चालान-60 वाहन
2- 126/135 बीएनएसएस में की गयी कार्यवाही-मु0-40, व्यक्ति-127
3- वांछित/वारंटी/अन्य अपराधों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी-(07)
4- जनपद में कुल गिरफ्तारी–(कुल-53)

***सोशल मीडिया सेल***
***जनपद कुशीनगर***

Edit with WPS Office